केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

शिक्षा केन्द्र" 2, समुदाय केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली - 110301

निविदा सूचना

सचिव, सीबीएसई की ओर से बोर्ड की वर्ष 2016 की परीक्षा के लिए सीबीएसई वाटरमार्क के साथ 120 जी.एस.एम सफेद चर्मपत्र (पार्चमेंट) कागज पर अंक-तालिका, उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं सतत व्यापक मूल्यांकन (सी.सी.ई.) प्रमाण पत्र की आपूर्ति हेतु उन सुरक्षा मुद्रकों से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं जो आई.बी.ए./सरकारी मुद्रक विभागों के साथ पंजीकृत हों और उनका पिछले 3 वित्तीय वर्षो के दौरान औसत वार्षिक बिक्री (टर्न ओवर) प्रतिवर्ष लगभग रू. 1.0 करोड़ की हो और सम्पूर्ण इनहाउॅस सुविधा उपलब्ध हो।

निविदा दो बोली प्रणाली में अलग-अलग, सील बंद लिफाफों में प्रस्तुत की जानी है। पहले लिफाफे में तकनीकी बोली और बयाना राशि एवं दूसरे लिफाफे में वित्तीय बोली होनी चाहिए। दोनों लिफाफे एक अन्य बड़े लिफाफे में रखने चाहिए जिस पर **"परीक्षा-2016 के लिए अंक-तालिका, उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं सी.सी.ई. प्रमाण पत्र की आपूर्ति के लिए निविदा"** लिखा हो तथा सचिव, सीबीएसई, दिल्ली के पते पर डाक द्वारा भेजा जा सकता है या कार्यालय के भू-तल पर सुरक्षा गार्ड के पास रखी "निविदा पेटिका" में दिनांक 21.12.2015 को अपराह्न 2.30 बजे तक अथवा उससे पूर्व डाला जा सकता है ।

निविदा फार्म सभी विनिर्देशन, निबंधन एवं शर्तो तथा अन्य विवरण के साथ सीबीएसई की वेबसाइट www.cbse.nic.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है और निविदा फार्म की कीमत अर्थात् रू. 500/- निविदा के साथ, बयाना राशि रू. 2,50,000/- किसी अनुसूचित बैंक में आहरित बैंक ड्राफ्ट के रूप में, सचिव, सीबीएसई, के पक्ष में दिल्ली में देय सहित भेजा जाये। निविदा फार्म सिंडिकेट बैंक, सी.बी.एस.ई., प्रीत विहार दिल्ली-110301 से पूर्वाह्न् 10.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 02.12.2015 से 21.12.2015 तक रू. 500/- (अप्रतिदेय) का नकद भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

केवल तकनीकी बोली उसी दिन अर्थात् 21.12.2015 को अपराह्न 3.00 बजे निविदाकारों अथवा उनके प्रतिनिधियों जो भी उपस्थित होना चाहें, की उपस्थिति में खोली जाएंगी। वित्तीय बोली खोलने की तिथि उन्हीं निविदाकर्ताओं को सूचित की जाएगी जो तकनीकी बोली की अर्हता प्राप्त कर लेते हैं।

दस्तावेजों के नमूने प्रशासन-3 शाखा, सीबीएसई (मुख्यालय), तृतीय तल, शिक्षा केन्द्र, 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली 110301 में देखे जा सकते हैं। सचिव, सीबीएसई, दिल्ली के पास, किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये, स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

संयुक्त सचिव (प्रशासन एवं विधि)